प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता दुष्कर्म, हत्या मामले में सोशल मीडिया से पीड़िता का नाम, फोटो, और वीडियो हटाने का दिया आदेश, स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए कार्य बल का किया गठन ।
2. संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने नौकरशाही में लैटरल इंट्री से संबंधित विज्ञापन को किया रद्द।
3. राजधानी रांची में सिम बॉक्स रैकेट का खुलासा, बांग्लादेश का है सरगना, साइबर अपराधी और आतंकी संगठन करते हैं सिम बॉक्स का इस्तेमाल।
4. जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ा ट्रेनी विमान लापता, सर्च ऑपरेशन जारी।
5. मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक रांची, पलामू समेत कोल्हान के कई क्षेत्रों में भारी बारिश को लेकर जारी किया ऑरेन्ज अलर्ट।

***********************

सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में सोशल मीडिया से पीड़िता महिला डाक्टर का नाम, फोटो, और वीडियो हटाने का आदेश दिया है। न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाइस एडमिरल सर्जन आर सरीन, की अध्यक्षता में कार्यबल गठित किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कल मामले की सुनवाई के दौरान कार्यबल को तीन सप्ताह के भीतर अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ये कार्यबल ऐसे दिशा–निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे।

***********************

राजधानी रांची के रिम्स में आज भी जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान ओपीडी सेवा से लेकर सर्जरी तक बंद रहेगी। सिर्फ इमरजेंसी सेवा ही गंभीर मरीजों को मिल सकेगी। दूसरी ओर एआरटी सेंटर, डाट सेंटर और बच्चों के इम्यूनाइजेशन सेंटर को खोल दिया गया है।

***********************

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग से निर्देश मिलने के बाद नौकरशाही में लैटरल इंट्री से संबंधित विज्ञापन को रद्द कर दिया है। इससे पहले कल सरकार ने आयोग से ब्यूरोक्रेसी में लैटरल इंट्री से संबंधित विज्ञापन रद्द करने को कहा था। इधर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि लैटरल एंट्री की प्रक्रिया संविधान में समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धातों विशेषकर आरक्षण के प्रावधानों के अनुरूप होनी चाहिए।

***********************

ओडिशा पुलिस ने राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में सिम बॉक्स रैकेट का खुलासा किया । इस छापेमारी में पुलिस को आठ सिम बॉक्स मिले हैं, जिसकी जांच की जा रही है। एक बॉक्स में 256 सिम होते हैं। इसका इस्तेमाल साइबर अपराधी, आतंकवादी संगठन और ड्रग्स के कारोबार में ज्यादा होता है। इस सिम बॉक्स के जरिए किए गए कॉल के लोकेशन का पता लगाना आसान नहीं होता। बताया जा रहा है कि इस रैकेट का सरगना बांग्लादेसी युवक है।

***********************

राज्य के मंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन कल रात अपने घर गम्हरिया जिलिंगोडा पहुंचे। इससे पहले उन्होंने दिल्ली में भाजपा नेताओं से मुलाकात की बात को सिरे से खारिज कर दिया है। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि उनकी किसी भाजपा नेता से मुलाकात नहीं हुई ।

***********************

मंत्री चंपई सोरेन के आवास गम्हरिया जिलिंगोडा छोड़कर पुलिस लाइन लौट रहे एक एस्कॉट वाहन को मुड़िया गांव के पास एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वाहन चालक विनय कुमार वानसिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि सब इंस्पेक्टर मनोज भगत समेत पांच पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।

************************

झारखंड के जमशेदपुर स्थित सोनारी एयरपोर्ट से कल उड़ान भरने के बाद ट्रेनी विमान लापता हो गया है। इस विमान में प्रशिक्षक और ट्रेनी पायलट सवार हैं। एविएशन कंपनी की तरफ से एक स्पेशल टीम बनाकर रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है।

************************

चतरा के हंटरगंज स्थित कौलेश्वरी मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी है।

************************

गोड्डा जिले के पथरगामा थाना क्षेत्र के रजौन मोड़ के पास सड़क हादसे में एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया है।

************************

हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र में एक दिव्यांग नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने कल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

************************

हजारीबाग में सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 300 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

************************

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ ने इस साल जून में 19 लाख 29 हजार सदस्य जोड़े हैं, जो पिछले साल के इसी महीने की तुलना में सात प्रतिशत से अधिक है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि सदस्यसता में हुई इस वृद्धि को बढ़ते रोजगार के अवसर सहित कई कारकों के साथ जोड़कर देखा जा सकता है।

************************

मौसम विभाग ने आज से 23 अगस्त तक राजधानी रांची के अलावा पलामू और कोल्हान प्रमंडल के कई क्षेत्रों में भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 15 जिलों में सामान्य बारिश हुई है।

************************

कुश्ती में, भारत के रौनक दहिया ने जॉर्डन के अम्मान में चल रही अंडर–17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में ग्रीको–रोमन 110 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता। मौजूदा विश्व नंबर 2, रौनक ने कांस्य पदक मुकाबले में तुर्किये के एमुरुल्लाह कैपकन को 6–1 से हराया। इससे पहले, रौनक हंगरी के ज़ोल्टन कज़ाको से सेमीफाइनल मुकाबला 0–2 से हार गए थे।

************************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए नेशनल टास्क फोर्स के गठन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है डॉक्टर से दरिन्दगी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त।

दैनिक भास्कर, हिन्दुस्तान और दैनिक जागरण ने डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए नेशनल टास्क फोर्स के गठन की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

रांची एक्सप्रेस में यूपीएससी में लैटरल एंट्री से नियुक्ति का आदेश रद्द करने की खबर को प्रमुखता दी है।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने उच्चतम न्यायालय में कोलकाता की डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*********समाप्त**************